# नन्ही परी सीमान्त अभियांत्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़

## प्रशासकीय परिषद् की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

नन्ही परी सीमान्त अभियान्त्रिकी संस्थान, पिथौरागढ़ की प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक दिनांक 27/06/2019 को सांय 04.30 बजे आई0 आर0 डी0 टी0 सर्वे चौक, देहरादून में आहूत हुई। बैठक में निम्न ने प्रतिभाग कियाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री अनिल गोयल | – | अध्यक्ष |
| 2. श्री ओम प्रकाश, आई0ए0एस0 | – | उपाध्यक्ष |
| 3. श्री मुहर मणि | – | सदस्य |
| 4. प्रो0 मनोज दुहान | – | सदस्य |
| 5. प्रो0 गीतम सिंह तोमर | – | सदस्य |
| 6. डा0 अहमद इकबाल, आई0ए0एस0 | – | सदस्य |
| 7. प्रो0 अम्बरीष एस0 विद्यार्थी | – | सदस्य सचिव |

**विशेष आमन्त्रीः–**

1. श्रीमुकेश पाण्डेय संयुक्त सचिव, आई0 आर0 डी0 टी0 सर्वेचौक, देहरादून
2. श्रीप्रकाश पालीवाल, अनुभाग अधि0, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड़ शासन

नोटः प्रशासकीय परिषद के मा0 सदस्यों डॉ0 ड़ी0 एस0 पुण्ड़ीर तथा डॉ0 हरीश पंत व्यक्तिगत कारणों से परिषद की बैठक में प्रतिभाग नहीं कर सके।

**3.1 बैठक में सदस्य सचिव द्वारा प्रशासकीय परिषद् के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सम्मानित सदस्यों का स्वागत।**

नन्ही परी सीमान्त इन्जीनियरिंग संस्थान, पिथौरागढ़ की प्रशासकीय परिषद् की द्वितीय बैठक में प्रशासकीय परिषद् के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सम्मानित सदस्यों का स्वागत परिषद् के सदस्य सचिव द्वारा किया गया तथा प्रशासकीय परिषद् द्वारा संस्थान के विकास कार्य में सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

**3.2 प्रशासकीय परिषद की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

प्रशासकीय परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

### 3.3 प्रशासकीय परिषद की द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णय का बिन्दुवार कियान्वयन।

परिषद् की द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों के बिन्दुवार कियान्वयन से प्रशासकीय परिषद् अवगत हुई।

### 3.4 संस्थान की वित्त समिति की प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदनः

संस्थान की वित्त समिति की प्रथम बैठक दिनांक 25/05/2019 को आहूत की गयी। बैठक के कार्यवृत्त प्रशासकीय परिषद् के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये जिस पर प्रशासकीय परिषद् ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

### 3.5 संस्थान द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को ए0आई0सी0टी0ई0 का अनुमोदनः

संस्थान द्वारा चलाये जा रहे पॉच विधाओं में बी. टेक. पाठ्यक्रमों यथा सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड़ इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड़ कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग को ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली ने सभी पाठ्यक्रमों को दो वर्षों (शैक्षिक सत्र 2019–20 तथा 2020–21) के लिये अनुमोदन प्रदान किया है। संस्थान की इस उपलब्धि से प्रशासकीय परिषद् अवगत हुई।

### 3.6 उत्तराखण्ड शासन द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिये निर्धारित मजदूरी की न्यूनतम दरों को लागू करवाये जाने हेतु अनुरोधः

उत्तराखण्ड शासन के श्रम अनुभाग की अधिसूचना (संख्या–311/VIII/19–228 (श्रम)/ 2001. पार्ट–II दिनांक 08 मार्च, 2019) द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिये मजदूरी की न्यूनतम दरों को पुनरीक्षित किया गया है। प्रशासकीय परिषद ने उक्त नई दरों को संस्थान द्वारा अंगीकृत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

### 3.7 संस्थान में कार्यरत सहायक प्राध्यापक श्री जयदीप किशोर (अनुबंधित) की अनुशासनहीनता की जॉच रिपोर्ट पर निर्णयः

उत्तराखण्ड शासन में संबन्धित द्वारा दिये गये REPRESENTATION पर कार्यवाही गतिमान होने के दृष्टिगत प्रशासकीय परिषद द्वारा अगली बैठक में प्रस्ताव रखने का सुझाव दिया गया।

### 3.8 पुस्तकालय सहायक श्रीमती गीतिका महर के अक्षमता एवं लापरवाही की जॉच रिपोर्ट पर निर्णयः

उत्तराखण्ड शासन में संबन्धित द्वारा दिये गये REPRESENTATION पर कार्यवाही गतिमान होने के दृष्टिगत प्रशासकीय परिषद द्वारा अगली बैठक में प्रस्ताव रखने का सुझाव दिया गया।

### 3.9 TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत कुछ पैकेज़ का निरस्तीकरण :

प्रशासकीय परिषद द्वारा TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत PMS साफ्टवेयर में कुछ पैकेज को कतिपय कारणो से निरस्त किये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की गयी।

### 3.9.1. परियोजना के अर्न्तगत प्रोक्योरमेन्ट प्लान को संशोधित किये जाने हेतु प्रस्ताव

TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत प्रोक्योरमेन्ट प्लान में कुछ पैकेज को रखा गया था जिनके स्थान पर प्रशासकीय परिषद् की द्वितीय बैठक के बिन्दु संख्या 2.20 में अनुमोदित सामग्री / उपकरणों को कय किये जाने की अनुमति प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रदान की गयी।

### 3.10 TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत संस्थान के विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं हेतु उपकरणों / सॉफ्टवेयर एवं TEQIP कार्यालय हेतु सामग्री कय किये जाने के लिये अनुमोदन

प्रशासकीय परिषद द्वारा विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं हेतु उपकरणों / सॉफ्टवेयर एवं टेकिप कार्यालय हेतु सामग्री कय किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

### 3.11 TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत संस्थान में शोध कार्यो एवं अभिलेखीकरण हेतु Turnitin Software को कय किये जाने हेतु अनुमोदनः

प्रशासकीय परिषद द्वारा TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत संस्थान में शोध कार्यों एवं अभिलेखीकरण हेतु Turnitin Software को कय किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी।

### 3.12 TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का प्रशिक्षण :

प्रशासकीय परिषद द्वारा TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बढ़ाने हेतु देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण कराये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

### 3.13 TEQIP –III परियोजना के अर्न्तगत प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाये जाने हेतु अनुमोदन :

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के छात्र, छात्राओं तथा शिक्षकों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, फैकल्टी ऑफ सांइसेज, जो कि TEQIP-III के तहत संस्थान के मार्गदर्शक (Mentor) नियुक्त हुए हैं, द्वारा प्रशिक्षित कराये जाने तथा अनेक सांझा गतिविधियॉ (Twinning Activity) करवाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**3.14 संस्थान के छात्र/छात्राओं को GATE की परीक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिये अनुमोदन :**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के छात्रों/छात्राओं द्वारा GATE की परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिये छात्र/छात्राओं को पंजीकरण शुल्क, प्रशिक्षण शुल्क, पाठ्य सामग्री एवं ऑन लाइन टेस्ट सीरीज हेतु आवश्यक शुल्क की प्रतिपूर्ति किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

**3.15 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य बिन्दु।**

**3.15.1 संस्थान के पुस्तकालय में से पुस्तकों के गायब होने पर कार्यवाही किये जाने पर निर्णय लिया जाना।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के पुस्तकालय में से पुस्तकों के गायब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके साथ ही दोषी कर्मचारी/कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने संबन्धी निर्देश दिये गये।

मा0 अध्यक्ष महोदय को आभार व्यक्त के साथ बैठक का समापन हुआ।

28.06.2019
(प्रो0 अम्बरीष एस0 विद्यार्थी)
निदेशक एवं सदस्य सचिव

28.06.19.
(श्री ओम प्रकाश, I.A.S.)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद

(श्री अनिल गोयल)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद